






## एक नजर में

### पुनासा-आशापुर में अवैध शराब पर कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर आबकारी विभाग के दल द्वारा शराब की अवैध बिक्री एवं भंडारण रोकने की कार्रवाई लगातार जारी है। जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही ने बताया कि मंगलवार को जिले के ग्राम आशापुर में दबिश की कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही में 27 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 140 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। महुआ लहान को विधिवत मौके पर नष्ट किया गया। यह कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 4 प्रकरण कायम किए गए। जप्तशुदा मदिरा एवं महुआ लहान का बाजार मूल्य लगभग 18050/- रूपये है। इसके अलावा पुनासा टप्पर, फोकटपुरा, घानाबेहड़ी में झाड़ियो छुपाकर एवं गड्ढों में गढ़े हुए डिब्बों में दबिश की कार्यवाही भी की गयी। इस कार्यवाही में कुल 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 750 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। महुआ लहान को विधिवत मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 7 प्रकरण कायम किए गए। जप्तशुदा मदिरा एवं महुआ लहान का बाजार मूल्य लगभग 84000/-रूपये है।

### बिना परमिट-फिटनेस दौड़ रही 9 यात्री बस जब्त




नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर परिवहन विभाग ने यात्री बसों की सुरक्षा को लेकर सख्त चेकिंग अभियान चलाया। आरटीओ निशा चौहान के नेतृत्व में जांच दल ने खंडवा-इंदौर मार्ग पर संचालित यात्री बसों की गहन जांच की। जांच के दौरान बसों की आपातकालीन खिड़कियों को खुलवाकर देखा गया। इसके साथ ही ओवरलोडिंग, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस और बस के अन्य आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की गई।आरटीओ निशा चौहान ने बताया कि अभियान के दौरान करीब 25 बसों की जांच की गई। इनमें से 9 बसों में कमियां पाए जाने पर 19 हजार 500 रुपए की चालानी कार्रवाई कर राजस्व वसूला गया।वहीं एक यात्री बस बिना वैध परमिट और फिटनेस के यात्रियों को लेकर संचालित होती पाई गई। इस बस को परिवहन विभाग ने मौके पर ही जब्त कर आरटीओ कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ा करवा दिया है। आरटीओ ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए परिवहन विभाग का यह जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# गणेश पंडालों पर रोक नहीं लगेगी, प्रशासन की हठधर्मिता बर्दाश्त नहीं : सांसद पाटिल

**गणेश उत्सव को लेकर उपजे विवाद के बाद सांसद का सख्त रुख, बोले - परंपरा के अनुसार ही लगेंगे पंडाल, कलेक्टर बोले - सिर्फ तीन पंडालों पर था गतिरोध, अब हो गया समन्वय**

नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** शहर में गणेश उत्सव के पंडालों की अनुमति और आकार को लेकर उठे विवाद के बीच सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने प्रशासन को दो टूक संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि हर साल की तरह इस बार भी परंपरागत रूप से गणेश पंडाल लगेंगे और प्रशासन की हठधर्मिता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जानकारी अनुसार इन दिनों शहर में गणेश उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी बीच जिला प्रशासन की टीम ने कुछ मंडल आयोजकों को सड़क पर पंडाल न लगाने और बड़े पंडालों को छोटा करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद पंडाल आयोजकों और हिंदू संगठनों में नाराजगी फैल गई। आयोजकों ने जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया कि प्रशासन वर्षों पुरानी परंपरा में हस्तक्षेप कर रहा है।

**सांसद ने कहा - सनातन की सरकार में परंपरा नहीं टूटेगी**

मामले की जानकारी मिलने पर सोमवार को खंडवा पहुंचे सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रशासन की हठधर्मिता नहीं चलनी चाहिए। केंद्र और प्रदेश में सनातन की सरकार है और हम सनातन से जुड़े त्योहारों को परंपरा अनुसार ही मनाएंगे, उसमें प्रशासन का अनावश्यक हस्तक्षेप सहन नहीं किया जाएगा। सांसद के इस बयान को गणेश उत्सव समितियों के पक्ष में महत्वपूर्ण हस्तक्षेप के तौर पर देखा जा रहा है।



**आयोजकों से था गतिरोध**

गौरतलब है कि गणेश उत्सव के दौरान शहर में बड़ी संख्या में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं और विभिन्न क्षेत्रों में आकर्षक पंडाल एवं झांकियां सजाई जाती हैं। इस बार पंडाल लगाने को लेकर प्रशासन और आयोजन समितियों के बीच सहमति नहीं बन पाने से गतिरोध की स्थिति बन गई थी।

सोमवार दोपहर कंट्रोल रूम में सांसद पाटिल, विधायक कंचन मुकेश तनवे, विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे ने कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अगम जैन एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि वर्षों से लग रहे गणेश पंडालों में प्रशासन हस्तक्षेप न करे बल्कि आवश्यक व्यवस्था प्रदान करे। सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन कराया जा सकता है, लेकिन परंपरागत पंडालों पर अनावश्यक अड़चन नहीं होनी चाहिए।

**कलेक्टर बोले : मामला सुलझा लिया**

वहीं इस पूरे मामले पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि सिर्फ तीन गणेश पंडालों को लेकर गतिरोध की स्थिति बनी थी, जिसे समन्वय स्थापित कर सुलझा लिया गया है। पंडालों के लिए जो नियम बनाए गए हैं, उनका सभी को पालन करना अनिवार्य होगा।

## पीएम नरेंद्र मोदी के संकल्प को जन-जन तक ले जाएगी भाजपा, कार्यशाला में बोले वक्ता

नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक माह तक चलेगा। इसी क्रम में सोमवार को खंडवा जिला भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने की। बैठक में अभियान की रूपरेखा तय करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों के लिए संयोजक और सह-संयोजकों की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष तोमर ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिले से लेकर मंडल और बूथ स्तर तक इस अभियान को प्रभावी रूप से चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। अभियान के दौरान 13 प्रमुख सेवा विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यशाला में खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक कंचन तनवे, मांधाता विधायक नारायण पटेल, महापौर अमृता अमर यादव विशेष रूप से मौजूद रहे इस अवसर पर जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, संतोष सोनी, सूरजपाल सोलंकी, दशरथ कलमे, कपिल अंजने, चारुलता यादव, हर्षा ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश कोटवाले, सेवादास पटेल, सुभाष कोठारी, पूर्व विधायक राम दांगोरे, कैलाश पाटीदार, ममता बोरसे, सुनील जैन, मंगलेश तोमर, आशीष राजपूत, भारत पटेल, हिमांशु राज सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## साक्षरता रैली निकाल दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 1 सितंबर से 15 सितंबर तक साक्षरता पखवाडे का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में मंगलवार को खण्डवा जिले के सभी विकासखण्ड्, संकुल एवं ग्रामों की शालाओं में विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर साक्षरता रैली निकालकर साक्षरता की शपथ दिलाई गई। साथ ही साक्षरता के क्षेत्र में कार्य करने वाले अक्षर साथियों, स्वयं सेवियों एवं नवसाक्षरों का स्वागत किया गया। जनपद शिक्षा केन्द्र खण्डवा में डीपीसी श्री पी एस सोलंकी ने ब्लॉक स्तरीय बैठक में सम्मिलित होकर साक्षरता के महत्व के बारे में बताया और उपस्थित लोकसेवकों को साक्षरता की शपथ दिलाई। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले को 2027 तक पूर्ण साक्षर करने का लक्ष्य है।

इसके लिए जिले में कार्यवाही की जा हैं एवम शिक्षा विभाग सहित विभिन्न् विभाग एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से जिले को पूर्ण साक्षर करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## गायिका आशा भोसले के जन्मदिन पर सद्भावना मंच की संगीतमय गीतांजलि

नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** सुरों की मल्लिका, प्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले के जन्मदिन के अवसर पर सद्भावना मंच द्वारा एक विशेष संगीतमय गीतांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच के सुर साधकों ने कराओके संगीत के साथ आशा भोसले के एक से बढ़कर एक सदाबहार, मस्ती भरे और यादगार गीतों की प्रस्तुति देकर उन्हें याद किया।

गीतों के साथ-साथ अन्य लोकप्रिय फिल्मी नगमे भी प्रस्तुत किए गए, जिससे पूरा माहौल संगीतमय हो गया।इस संबंध में जानकारी देते हुए मंच सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि आशा जी ने फिल्मी दुनिया को जो गीत दिए हैं, वे आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं। मंच के संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि आशा भोसले की आवाज में एक जादू है। उनके गाए हुए गीत हर दौर में लोकप्रिय रहे हैं और कालजयी बन चुके हैं। उनकी गायकी ने कई पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध किया है।इस अवसर पर संस्थापक प्रमोद जैन, सुरेंद्र गीते, अनूप शर्मा, ओम पिल्ले, डॉ. जगदीश चौरे, राधेश्याम शाक्य, गणेश भावसार, कमल नागपाल, योगेश गुजराती, धीरज नेगी, जी.डी. सराफ, योगेश गदले, सुनील सोमानी, अजय मंडलोई, संदीप अंकिल, डॉ. एम.एम. कुरैशी, नारायण फरकले, त्रिलोक चौधरी, रजत सोहनी, अशोक जैन, विजया द्विवेदी, सीमा जोशी, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल सहित सद्भावना मंच के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



## मां सप्तश्रृंगी शक्तिपीठ नासिक के लिए रवाना होगी अखंड ज्योत यात्रा

नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** शहर के दादाजी वार्ड से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां सप्तश्रृंगी शक्तिपीठ, नासिक महाराष्ट्र के लिए अखंड ज्योत पैदल यात्रा रवाना होगी।यात्रा प्रमुख टिल्लू नायडू ने बताया कि 20 दिन की यह पैदल यात्रा क्षेत्र की खुशहाली एवं धर्म जागरण के उद्देश्य से निकाली जाती है।40 सदस्यों का जत्था हर वर्ष भारत के विभिन्न शक्तिपीठों में अखंड ज्योत समर्पित करता है। उन्होंने बताया कि यह दल अब तक गुजरात में पावागढ़ शक्तिपीठ, मां वैष्णो देवी धाम, मां शारदा देवी मैहर सहित कई प्रमुख शक्तिपीठों की पैदल यात्रा पूरी कर चुका है।

इस बार यह यात्रा महाराष्ट्र के नासिक स्थित मां सप्तश्रृंगी शक्तिपीठ के लिए निकाली जा रही है। यह यात्रा 8 सितंबर 2026, सोमवार सुबह 9 बजे दादाजी वार्ड से रवाना होगी।

रवाना होने से पूर्व सभी श्रद्धालु खंडवा के दादाजी धाम, मां तुलजा भवानी मंदिर, महादेवगढ़ मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर माथा टेककर आशीर्वाद लेंगे और उसके बाद यात्रा का विधिवत शुभारंभ करेंगे।इस यात्रा में प्रमुख रूप से चेतराम विश्वकर्मा, गोपाल सेन, शशिकपूर वर्मा, जैकी, मल्लू नायडू, चंपालाल पटेल, बद्री तंवर, गज्जू बाबा, हुकुम भाई फूलमाली, शांतिलाल विश्वकर्मा, राजू सतकड़े, नाथू साल्वे, संजय राठौर, बलराम नागिनपुरिया, अमरचंद फूलमाली, राजेंद्र कुमार पटेल, वीरेंद्र राठौड़, राजेश वर्मा, जीतू दशोरे, सकाराम, राधेश्याम राठौर, पीयूष जगताप, अंकित राठौर, शंकर विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और मातृशक्ति शामिल रहेगी।




# खरगोन

## एक नजर में

### सांदीपनि विद्यालय की छात्राओं ने साधा निशाना



**महेश्वर ।** विभागीय राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में शा. सांदीपनी विद्यालय महेश्वर की छात्रा चाहत तंवर ने जबलपुर मे आयोजित रायफल शूटिंग प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने वर्ग मे प्रथम स्थान प्राप्त किया छात्रा की इस उपलब्धि पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग कविता आर्य, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामलाल चौहान, संस्था के प्राचार्य बिरजू गुप्ता श्रीमती मंजुला दुबे लीलाधर शर्मा, खेल शिक्षक राजश्री श्रीवास्तव, वरिष्ठ व्याख्याता राजकुमार शर्मा अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

### विद्यार्थियों ने दी एआई एवं फीनटेक विथ एआई प्रवेश परीक्षा

**खरगोन ।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ अंतर्गत एआई एवं फीनटेक विथ एआई सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा मंगलवार को आयोजित की गई। दोनों पाठ्यक्रमों में 16.16 सीटों, कुल 32 सीटों के लिए 56 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। विद्यार्थियों में इन आधुनिक एवं रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान के मार्गदर्शन में प्रो. गगन पाटीदार, प्रो. हरीश पूरे, प्रो. धर्मेंद्र अलावा, प्रो. विवेक सोलंकी एवं सुश्री श्रेया सेन ने परीक्षा का आयोजन कराया। यह पाठ्यक्रम मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना एवं आईआई दिल्ली के मध्य एमओयू अंतर्गत आईआईटी दिल्ली द्वारा ऑनलाइन संचालित किया जाएगा। पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को आईआईटी दिल्ली द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को अपनी नियमित डिग्री के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं वित्तीय तकनीक जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में अतिरिक्त कौशल प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति.2020 की भावना के अनुरूप वैल्यू ऐडेट कोर्सस एवं स्कील इनहान्समेंट के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और रोजगार की बदलती आवश्यकताओं से जोडने् की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एआई एवं फीनटेक विथ एआई वर्तमान समय में शिक्षा, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, व्यवसाय एवं डिजिटल क्षेत्र में तेजी से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं।

## दिल्ली तक प्रदर्शन होना यह संयोग नहीं, कार्यकर्ता रहे सतर्क : पटेल

**खरगोन ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष की जीवन यात्रा को भाजपा संगठन 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के रुप में मनाने जा रहा है।

अभियान के तहत मंगलवार को कुंदा तट स्थित रामद्वारा धर्मशाला परिसर में जिला जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद गजेंद्र पटेल, भाजपा जिला प्रभारी संगीता सोनी, जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को सेवा संकल्प अभियान की रुपरेखा बताते हुए इसे सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, बड़वाह विधायक सचिन बिरला, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर एवं महेश्वर के पूर्व विधायक भूपेंद्र आर्य मंचासीन रहे।

राष्ट्रीय महामंत्री पटेल ने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्य विपक्षी दलों को रास नही आ रहे है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को वर्तमान परिस्थितियों में सतर्क और जागरुक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि हाल ही में खरगोन सांसद कार्यालय का घेराव होना और दिल्ली में संसद नही चलने देना, लगातार प्रदर्शन होना यह संयोग नही बल्कि विपक्ष एवं सरकार विरोधी ताकतों की साजिश का हिस्सा है। इससे कार्यकर्ताओं को जागरुक रहने की जरुरत है। हमें संकल्प अभियान के जरिये जनता से सीधा संवाद करते हुए भाजपा से जोडना् होगा। महिला मोर्चा, अजा, अजजा, युवा मोर्चा नए लोगों को जोड़े। इससे संगठन मजबूत होगा और नई भाजपा का निर्माण होगा। जिला प्रभारी श्रीमती सोनी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में देश में व्यापक बदलाव हुए हैं। यही पीएम के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को बढ़ाने का माध्यम है, जिसमें कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर काम करने की जरुरत है।

जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे ने कहा कि भाजपा संगठन की वास्तविक शक्ति उसके कार्यकर्ता हैं। सेवा संकल्प अभियान संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।




## चिंतामणि गणपति मंदिर पहुंच मार्ग का किया निरीक्षण

**महेश्वर ।** महेश्वर प्रेस क्लब के सदस्यों की पहल पर एसडीएम पूर्वा मंडलोई, तहसीलदार कैलाश सत्तिया ने किला क्षेत्र से लगे हुए अति प्राचीन श्री चिंतामणि गणेश मंदिर के क्षतिग्रस्त मार्ग का निरीक्षण किया। साथ ही प्रशासनिक स्तर पर मार्ग के दृष्टीकरण, मलवा तथा जंगली झाड़ियां कटाने की दिशा में कार्रवाई का आश्वासन दिया।

एसडीएम पूर्व मंडलोई ने पेशवा मार्ग पर स्थित श्री चिंतामणि गणेश मंदिर कि विगत 2 वर्ष से क्षतिग्रस्त किला दीवाल का गंभीरता पूर्वक निरीक्षण किया। साथ ही सभी पत्रकार साथियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही मलवा हटाने के साथ दीवार को नए सिरे से बनाने के प्रयास स्थानीय प्रशासन, नगरवासियों और शासन स्तर पर समिति बनाकर योजनाबद्ध रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर महेश्वर प्रेस क्लब अध्यक्ष अखिलेश पाटीदार, विशाल गीते ,वसीम खान, भगत पटेल, कृष्ण लाल विश्वकर्मा व अन्य उपस्थित थे।

**इनका कहना ...**

महेश्वर का श्री चिंतामणि गणेश मंदिर अति प्राचीन मंदिर है, महेश्वर के इतिहास में इस मंदिर का बड़ा महत्व है गत वर्ष किले की दीवार गिरी है देखने में आ रहा है, मंदिर पहुंच मार्ग के आसपास की जंगली झाड़ियां व अन्य पेड़ पौधे हटाने के निर्देश नगर परिषद को दिए जाएंगे।- पूर्वा मंडलोई, एसडीएम

## सेवानिवृति पर शिक्षक ने समर्पित किये ब्रेंच डेस्क



**खरगोन ।** जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर मावि अघावन से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक राजेन्द्र भावसार ने आयोजित सम्मान समारोह में चार ब्रेंच डेस्क समर्पित किए। कलेक्टर खरगोन के ब्रेंच मार्क अभियान के तहत मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की प्रेरणा से यह पहल की गई। समारोह में सान्दीपनि विद्यालय टेमला के प्राचार्य अशोकसिंह पंवार, मप्र शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाटीदार, संकुल प्राचार्य भागीरथ पाटीदार, जनशिक्षक प्रदीप पटेल, महेश मंडलोई, अर्चना पाटीदार एवं प्रधानपाठक मोहनलाल वर्मा ने श्री भावसार के 42 वर्ष के सफल कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में श्री भावसार समय पालन, स्वाध्याय, अनुशासन, सकारात्मक व्यवहार के कारण निर्विवाद रहे। इस अवसर अतिथियों, विद्यालय के शिक्षक और बच्चों ने शॉल.श्रीफल एवं उपहार देकर भावसार का सम्मान किया। अभिनन्दन पत्र का वाचन शिक्षक रमेश पाटीदार ने किया। आभार शिक्षक रामचंद्र ने माना। संचालन राधेश्याम पाटीदार ने किया।

**एक नजर** | **श्री वैष्णव विद्या मंदिर में किया शिक्षको का सम्मान**

## शिक्षक राष्ट्र निर्माण की नींव हैं- ट्रस्ट अध्यक्ष भंडारी

**खरगोन ।** श्री बीसा नीमा महाजन समाज ट्रस्ट मंडल द्वारा संचालित श्री वैष्णव विद्या मंदिर में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टॉफ सदस्यों का अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष नवनीतलाल भंडारी ने की। अध्यक्ष श्री भंडारी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की नींव हैं। उनकी दी गई शिक्षा से नागरिक अंतर्मन के अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर कर राष्ट्रभक्ति से ओत.प्रोत होता हैं। सचिव सचिन महाजन ने गुरु का स्थान देवताओं से भी ऊपर बताया।

ट्रस्टी श्रीमती किरणलता महाजन ने कहा जब वर्षों बाद कोई पढ़ाया हुआ विद्यार्थी नमन कर सफलता का श्रेय देता हैं, तो वही एक शिक्षक की सच्ची आत्मसंतुष्टि होती हैं। आनंद महाजन ने कहा कि श्री वैष्णव विद्या मंदिर शिक्षा, अनुशासन और संस्कार में सर्वोपरि हैं। प्राचार्या श्रीमती माधुरी गुप्ता ने कहा ट्रस्ट और शिक्षा समिति के कुशल मार्गदर्शन से यह संस्था शीघ्र ही एक नवीन और सफल परिवेश में पहचान बनाएगी। उपप्राचार्य सुकुमार महाजन, वरिष्ठ शिक्षक मोतीलाल महाजन ने भी संबोधित किया। समारोह के दौरान प्रत्येक ट्रस्टी द्वारा विद्यालय के सभी गुरुजनों और कर्मचारियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कोषाध्यक्ष आशीष महाजन, संरक्षक जगदीशचंद्र वकील, ट्रस्टी अशोक महाजन, वल्लभ राजा, गोपाल भंडारी आदि मंचासीन रहे। उपाध्यक्ष श्रीमती मिकिता महाजन, ट्रस्टी आनंद महाजन केसर, विनोद महाजन एवं सहयोगी राजेश महाजन विशेष अतिथि के रुप में मौजूद रहे। संचालन राजेश महाजन ने किया।

